E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–47/2023..........................**

## आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–8318 दिनांक–03.10.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री नितीश कुमार, (Emp. ID No.- AEN02472), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री नितीश कुमार के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–23.02.2024 को 04:00 बजे अपराह्न का समय निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया है। उभय पक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील में निदेशालय का मंतव्य, अभिलेखों एवं साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई ने पत्रांक–368 दिनांक–25.05.2023 के द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध सर्वे कार्य में अभिरूचि नहीं लिये जाने एवं अनुशासनहीनता का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा मुक्त करने की अनुशंसा की है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक–5734 दिनांक–11.07.2023 द्वारा अपीलार्थी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा ससमय स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण में अपीलार्थी द्वारा बताया गया है कि इनके द्वारा आवंटित कार्यों का निष्पादन करने के बाद अन्य राजस्व ग्रामों में सहयोग एवं प्रपत्र–6 इन्ट्री का कार्य किया गया है, तकनीकी समस्या एवं सर्वर धीमा होने के कारण कुछ कार्यों में विलंब हुआ है, जिसके लिए अपीलार्थी द्वारा क्षमा याचना करते हुए भविष्य में सर्वेक्षण कार्यों को तीव्र गति से करने हेतु वचनबद्धता प्रकट की गयी है। साथ ही इनके द्वारा यह भी अंकित किया गया है कि फेज–2 अन्तर्गत राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–5 (तेरिज) लेखन एवं इन्ट्री का कार्य किया गया है।

निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने एवं अपने से वरीय के साथ अनुशासनहीनता के आरोप में इनकी सेवा समाप्ति की गयी है।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील अभ्यावेदन में अंकित तथ्यों एवं रक्षित अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण में वरीय पदाधिकारियों तथा सहकर्मियों से अभद्र व्यवहार संबंधी पत्र न तो शिविर कार्यालय से और न ही बन्दोबस्त कार्यालय से दिया गया है, भविष्य में वरीय पदाधिकारियों के सम्मान एवं सर्वे कार्य को गति से करने की प्रतिबद्धता के साथ एक अंतिम मौका दिये जाने की याचना के दृष्टिगत, कार्य नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत का अनुपालन किया जाना चाहिए था।

अपीलार्थी पर लगाये गये आरोप के दृष्टिगत, रक्षित साक्ष्यों के विवेचना से स्पष्ट होता है कि आरोप के अनुपात में आरोपित पर गठित आरोप के विरूद्ध संविदा समाप्ति जैसा दण्ड़ अधिरोपित किया जाना अप्रत्यानुपातिक है।

अतः आदेश पारित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा विलम्ब से किये गये कार्य के लिए No Work No Pay का सिद्धांत अपनाया जाए।

उक्त आदेश के साथ निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश संख्या–8318 दिनांक–03.10.2023 को निरस्त किया जाता है।

ह0 / –
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

E-Mail

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना, दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– श्री नितीश कुमार, (Emp. ID No.- AEN02472), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई, Email ID- nitishkumar201296@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक**:–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना,दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना,दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना,दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना,दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–47 / 2023.......1528.......**पटना,दिनांक** :–.......21/03/2024

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप